प्रेस नोट ***25/08/2024***

दो अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी के 03 मोटरसाईकिल बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दोहरीघाट पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 24.08.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामनगर वैरियर बंधे के पास से प्रकाश में आये अभियुक्तगण अमित मिश्रा पुत्र नरेन्द्र मिश्रा निवासी बेलकुंडा, अर्पित कुमार पुत्र संजय हरिजन निवासी सपहा पाठक थाना रौनापार जनपद आजमगढ के कब्जे से 01. सुपर स्प्लेण्डर (यूपी50एडब्लू8683), 02. सुपर स्प्लेण्डर (यूपी50बीएल3943) 03. एचएफ डिलक्स (यूपी50एई9329) को बरामद किया गया।

कडाई से पुछताछ किया गया तो बताये कि दोहरीघाट क्षेत्र के मुक्तिधाम से मोटरसाईकिल की चोरी किया करते थे। जो थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 175/24 धारा 303(2),317(2),318(4),317(4),317(5) बीएनएस से संबंधित पाये गये। उक्त अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। तथा बरामद वाहनों को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. अमित मिश्रा पुत्र नरेन्द्र मिश्रा निवासी बेलकुंडा थाना रौनापार जनपद आजमगढ।
2. अर्पित कुमार पुत्र संजय हरिजन निवासी सपहा पाठक थाना रौनापार जनपद आजमगढ।

बरामदगी–

1. 1.सुपर स्प्लेण्डर (यूपी50एडब्लू8683), 2. सुपर स्प्लेण्डर (यूपी50बीएल3943) 3. एचएफ डिलक्स (यूपी50एई9329)।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट संजय कुमार सरोज, उ0नि0 हंसराज यादव, उ0नि0प्र0 आदर्श, हे0का0 राजबहादुर यादव, का0 आदर्श मिश्रा, का0 ऋषिकेश पाण्डेय, का0 हिमांशु सोनकर, का0 सुनील यादव, का0 मनोज यादव, का0 विवेक सिंह पटेल थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

आज दिनांक 25.08.2024 को पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन जनपद मऊ के कुल 08 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन हुयी। इस दौरान परीक्षा के प्रथम पाली में कुल 3384 अभ्यर्थियो में से 2590 अभ्यर्थी उपस्थित व 794 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तथा द्वितीय पाली में कुल 3384 अभ्यर्थियों में से 2601 अभ्यर्थी उपस्थित व 783 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 25.08.2024 को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मनाजीत बाईपास के पास से मु0अ0सं0 138/24 धारा 376,120बी भादवि में वांछित अभियुक्त विजय कुमार पुत्र रामलाल निवासी बल्लीनगर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज में दिनांक 24.08.2024 को पुलिस भर्ती परीक्षा द्वितीय पाली में परीक्षा दे रहे फर्जी एवं मुख्य अभ्यर्थी सहित कुल तीन गिरफ्तार, कब्जे से 08 फर्जी आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 03 एडमिट कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईलफोन बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में प्रचलित पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज में दिनांक 24.08.2024 को पुलिस भर्ती परीक्षा द्वितीय पाली में परीक्षा दे रहे फर्जी अभ्यर्थी सुमन विकास पुत्र सत्येन्द्र सिंह निवासी बरना थाना विक्रमगंज जनपद रोहतास बिहार को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ के उपरांत मुख्य अभ्यर्थी कुलदीप पुत्र शंभूनाथ निवासी महुआवां थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर एवं मीडिएटर विकास कुमार पुत्र सुरेश सिंह निवासी खेलड़िया थाना विक्रमगंज जनपद रोहतास बिहार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 08 फर्जी आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 03 एडमिट कार्ड की छायाप्रति एवं 03 मोबाईलफोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 270/24 धारा 112(2),319(2),318(4),336(3),338,340(2) बीएनएस व 13 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।